स्मार –पत्र – 2

16/9/15
26/09/15

प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

सेवा में,
मैं0 प्राईम कम्प्यूटर,
दरभंगा ।

विषय–आपके असंतोषजनक कार्यकलाप के संबंध में ।

महाशय,

उपरोक्त विषयक सूचित करना है कि इस चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा आपको जो कार्य आवंटित किया गया है, उसे आप ससमय निष्पादित नही करते हैं और न ही आप अपने कार्य में सक्रियता दिखाते है, जिससे सरकारी कार्य को ससमय निपटाने में बाधा उत्पन्न होती है । आपके द्वारा निर्मित इस महाविद्यालय के वेबसाईट में कई खामियाँ थी, जिसे सुधार करने के लिए अधोहस्ताक्षरी ने आपको कई बार व्यक्तिगत रूप से कहा, परन्तु कई महीने गुजर जाने के पश्चात भी यह कार्य आपके द्वारा पूरा नही कराया जा सका ।

ज्ञात हो कि इस कार्यालय द्वारा बार – बार लिखित शिकायत के बावजूद भी आपके कार्य में कोई सुधार नही दिखता है, ना ही आप लगातार उपस्थित रहते है और ना ही आपके द्वारा ए0एम0सी0 का कार्य सभी विभागो (प्राचार्य कार्यालय सहित) में नियमित रूप से निष्पादित कराया जाता है, जो सरकारी नियम के प्रतिकुल है । विगत महिनों में आपके द्वारा किया गया कार्य संतोषप्रद नही है ।

इस कार्यालय द्वारा स्मार – पत्र देने के बावजूद कार्य में लापरवाही से यह प्रतीत होता है कि आप इस महाविद्यालय द्वारा आवंटित कार्य में रूची नही रखते हैं ।

कृपया पत्र – प्राप्ति के दो दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अपना स्पष्टिकरण प्रस्तुत करें, कि क्यों नही सरकारी कार्य के प्रति इस घोर लापरवाही के लिए आपके ए0एम0सी0 को रद्द करते हुए आपके विरूद्व प्रशासनिक कार्रवाई किया जाए तथा सरकार को इसकी सूचना भेजी जाए ।

26/9/15.
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर